प्रथम अपील अधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम
एवं जिला कलक्टर उदयपुर
निर्णय द्वारा अध्यासित गौरव अग्रवाल आई.ए.एस.

प्रकरण संख्याः **135/2025** (अपील सूचना का अधिकार)

Narendra Singhvi Add: 66-K, singhvi House, first floor, inside Saheliyon ki Bari, Udaipur

..............अपीलार्थी

बनाम

सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार बारापाल, उदयपुर

..................प्रत्यर्थी

प्रथम अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

निर्णय

दिनांकः 22/05/2026

प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत एक अपील ऑनलाईन क्रमांक 329589385724864 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि एक ऑनलाईन प्रार्थना पत्र दिनांक 19.07.2025 को प्रत्यर्थी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सूचना सूचना चाही गई। प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को चाही गई सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने से क्षुब्ध होकर यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील अपीलार्थी दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थी से अपील पर जवाब तथा सूचना उपलब्ध कराने हेतु कार्यालय के पत्रांक रीडर/सू.अ.2005/प्रथम अपील/135/25/836–37 दिनांक 18.08.2025 तथा ऑनलाईन पत्र क्रमांक 5863911672 दिनांक 18.08.2025 से लिखा गया। प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत प्रत्युत्तर शामिल पत्रावली किया गया। अपीलार्थी उपस्थित।

सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार बारापाल द्वारा जरिये पत्रांक भू.अ./सू.अ.2005/659 दिनांक 19.09.2025 से प्रत्युत्तर प्रस्तुत करते हुए इस कार्यालय को अवगत कराया गया कि आवेदक द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आवेदन पत्र क्रमांक 329588266979028 दिनांक 19.07.2025 से तहसील कार्यालय बारापाल से सूचना चाही गई। सूचना प्रार्थी द्वारा पूर्व में सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आवेदन पत्र क्रमांक 329293037627714, 329232529683971, 729336996037858 अनुसार जरिये रजिस्टर्ड डाक द्वारा दिनांक 17.02.2025 को कुल 274 पेजों की सूचना उपलब्ध करवा दी गई है। जिसमें प्रार्थी द्वारा चाहे गये खसरा नंबरों से संबंधित नामांतरकरण की प्रति भी संलग्न है। जिसके बारे में इस कार्यालय के पत्र क्रमांक भू.अ./सू.अ.अ.2005/2025/565 दिनांक 31.07.2025 से प्रार्थी को सूचित किया जा चुका है।

अपीलार्थी द्वारा निवेदन किया गया कि समस्त दस्तावेज उपलब्ध नहीं करवाये गये है।

प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर उदयपुर

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.22 12:57:31 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 22388694
M e-Sign

पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकरण में सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार बारापाल द्वारा अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र क्रमांक 329293037627714, 329232529683971, 729336996037858 के क्रम में पूर्व में ही जरिये रजिस्टर्ड डाक दिनांक 17.02.2025 से अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध करवा दी गई है। जिसके संबंध में प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को जरिये पत्रांक 565 दिनांक 31.07.2025 से अपीलार्थी का पुनः अवगत करवाया गया है। प्रथम दृष्टया यह कार्यालय प्रत्यर्थी द्वारा प्रेषित जवाब से संतुष्ट है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलार्थी खारिज की जाती है। निर्णय की प्रति उभयपक्ष को प्रेषित की जावें। पत्रावली शुमार फैसल होकर दाखिल दफ्तर हो।

(गौरव अग्रवाल)
प्रथम अपील अधिकारी,
सूचना का अधिकार अधि. एवं
जिला कलक्टर, उदयपुर

प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर, उदयपुर
सत्यमेव जयते

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.22 12:57:31 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
22388694
M e-Sign